नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **38**

**V-110**

No. of Printed Pages – **8**

# व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–IX) परीक्षा, 2017

# लेवल – प्रथम वर्ष

# विषय – माइक्रो इरिगेशन टेक्नीशियन (एग्रीकल्चर)

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक: 30**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के दो पृष्ठ तक उत्तर लिखें ।

## खण्ड – (अ)

**प्रश्न सं. 1 से 10 तक के सही उत्तर को उत्तर पुस्तिका में लिखिए :** **$(10 \times \frac{1}{2} = 5)$**

1. निम्नलिखित में से कौन सी फसल खरीफ के मौसम में उगाई जाती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) गेहूँ (ब) चना

(स) बाजरा (द) सरसों

2. निम्नलिखित में से नकदी शस्य (Cash crop) नहीं है – $\frac{1}{2}$

(अ) गन्ना (ब) आलू

(स) चाय (द) ज्वार

3. तेल उत्पादन वाली फसलों का उत्पादन बढ़ाने वाली क्रांति का नाम है – $\frac{1}{2}$

(अ) लाल क्रांति (ब) पीली क्रांति

(स) नीली क्रांति (द) हरित क्रांति

4. सिल्ट मृदा का कणाकार निम्नलिखित में से है – $\frac{1}{2}$

(अ) 0.002 – 0.05 मि.मी. (ब) 0.05 – 2.00 मि.मी.

(स) 2.00 – 3.00 मि.मी. (द) 3.00 – 4.00 मि.मी.

5. निम्नलिखित में एमाइड उर्वरक है – $\frac{1}{2}$

(अ) कैल्सियम नाइट्रेट (ब) यूरिया

(स) अमोनियम सल्फेट (द) डी.ए.पी.

6. प्रभावी सम्प्रेषण (कम्यूनिकेशन) के लिए आवश्यक है – $\frac{1}{2}$

(अ) संदेश पूर्ण हो । (ब) संदेश वास्तविक हो ।

(स) संदेश समय पर प्रेषित हो । (द) (अ), (ब), (स), तीनों विकल्प

7. सम्प्रेषण का वातावरणीय कारक है – $\frac{1}{2}$

(अ) शोर (ब) भय

(स) समय (द) स्मरण शक्ति

8. बूँद बूँद सिंचाई पद्धति से लगभग कितना प्रतिशत पानी बचाया जा सकता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) 15–20 प्रतिशत (ब) 25–30 प्रतिशत

(स) 40–80 प्रतिशत (द) 85–90 प्रतिशत

9. फलदार वृक्षों के लिए प्रयुक्त बूँद–बूँद सिंचाई की उपयुक्त विधि है – $\frac{1}{2}$

(अ) एक पंक्ति (आन लाइन) पद्धति (ब) पंक्तियों के मध्य (इनलाइन) पद्धति

(स) बुलबुला (बबलर) पद्धति (द) छिड़काव (स्प्रे) पद्धति

10. फसल कटाई एवं गहाई से सम्बन्धित उपकरण नहीं है – $\frac{1}{2}$

(अ) थ्रेसर (ब) कुट्टी काटने की मशीन (चाफकटर)

(स) मक्का छिलाई मशीन (मेज शैलर) (द) कम्प्रेसर

## खण्ड – (ब)

**प्रश्न सं. 11 से 30 तक के प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर/रिक्त स्थान की पूर्ति कर उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **($20 \times \frac{1}{2} = 10$)**

11. कॉफी की फसल कर्नाटक, केरल तथा ________ प्रदेश में उगाई जाती है। $\frac{1}{2}$

12. कृषि फसलों का विभाजन चार प्रकार से किया जाता है : 1. रेशेवाली फसलें 2. रोकड़ शस्य 3. खाद्यान्न फसलें व चौथे प्रकार का नाम लिखिए। $\frac{1}{2}$

13. ऐपीकल्चर से कौन सा उत्पाद प्राप्त किया जाता है, नाम लिखिए। $\frac{1}{2}$

14. प्रक्षेत्र खाद में नत्रजन की प्रतिशत मात्रा कितनी होती है ? $\frac{1}{2}$

15. नाइट्रेट प्रदान करने वाले एक उर्वरक का नाम लिखिए। $\frac{1}{2}$

16. फसलों के लिए आवश्यक तीन मुख्य पोषक तत्त्व नत्रजन, फॉस्फोरस तथा ________ हैं। $\frac{1}{2}$

17. हरी खाद वाली किसी एक फसल का नाम लिखिए। $\frac{1}{2}$

18. म्यूरेट ऑफ पोटाश में पोटैशियम की प्रतिशत मात्रा ________ है। $\frac{1}{2}$

19. सूक्ष्म पोषक तत्त्वों के प्रयोग हेतु उर्वरक प्रयोग की ________ विधि अधिक प्रभावी है। $\frac{1}{2}$

20. फसल की जल माँग पर वायु की गति अधिक होने का क्या प्रभाव पड़ता है ? $\frac{1}{2}$

21. शीर्ष जड़ निर्माण (Crown Root Initiation) पर सिंचाई रबी की किस फसल के लिए क्रांतिक अवस्था मानी जाती है ? $\frac{1}{2}$

22. बिना बोले सम्प्रेषण के लिए आप किस सांकेतिक विधि का अनुप्रयोग करेंगे ? $\frac{1}{2}$

23. 8 अंक का संकेत करने के लिए अँगूठे से किस अंगुली का शीर्ष मिलाते हैं ? $\frac{1}{2}$

24. ब्रेल लिपि के एक कोष (cell) में जितने बिंदु (डॉट) प्रयुक्त होते हैं उसमें 'A का संकेत बनाकर बताइये। $\frac{1}{2}$

25.  इस चित्र में चेहरे का कौन सा भाव प्रकट हो रहा है ? $\frac{1}{2}$

26. चेहरे पर गुस्से के भाव का कोई एक संकेत लिखिए। $\frac{1}{2}$

27. आँखों पर काला चश्मा पहनने से सामाजिक सम्प्रेषण का कौन सा प्रकार प्रभावित होता है ? $\frac{1}{2}$

28. रेन गन का उपयोग सिंचाई की ________ पद्धति में होता है । $\frac{1}{2}$

29. सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से सिंचाई में पानी की मात्रा ________ लगती है । $\frac{1}{2}$

30. सूक्ष्म सिंचाई पद्धति को दो वर्गों (1) ________ (2) ________ में बाँटा गया है । $\frac{1}{4}+\frac{1}{4}=\frac{1}{2}$

## खण्ड – (स)

**प्रश्न सं. 31 से 36 तक प्रश्न में की गई अपेक्षा को दो से चार पंक्तियों या चाही गई सूचना में लिखिए । $(6 \times 1\frac{1}{2} = 9)$**

31. बूँद-बूँद सिंचाई विधि का नामांकित ले आउट चित्र बनाइए । $1\frac{1}{2}$

32. माँसपेशियों के दर्द से बचाव के कोई तीन उपाय लिखिए । $1\frac{1}{2}$

33. कीटनाशकों के तीन हानिकारक प्रभाव लिखिए । $1\frac{1}{2}$

34. अपने कृषि फार्म को सुरक्षित बनाने के लिए आप किसान को कौन से तीन सुझाव देंगे ? $1\frac{1}{2}$

35. मानव चालित उर्वरक भुरकाव यंत्र (fertilizer broad caster) तथा ट्रेक्टर चालित उर्वरक भुरकाव यंत्र में कोई तीन अंतर लिखिए। $1\frac{1}{2}$

36. कटाई सम्बन्धित यंत्र का उनके कार्य के आधार पर वर्गीकरण कीजिए। (कोई तीन) $1\frac{1}{2}$

## खण्ड – (द )

**(2 × 3 = 6)**

37. भूपरिष्करण (टिलेज) के कोई तीन महत्त्व लिखिए तथा देशी हल का नामांकित चित्र बनाइए। **3**

**अथवा**

कल्टीवेटर व हैरो में तीन अन्तर लिखिए तथा तीन फाल(Three tine) कल्टीवेटर का नामांकित चित्र बनाइये।

38. मृदा कणाकार व मृदा संरचना में अंतर लिखिए तथा मृदा का स्थूल घनत्व ज्ञात करने का सूत्र स्थापित कीजिए। दोमट मृदा का स्थूल घनत्व लगभग कितना होता है ? **3**

**अथवा**

मृदा पी.एच.(pH) किसे कहते हैं ? कोई चार मृदा पी.एच. मान व मृदा की प्रकृति को सारणीबद्ध कीजिए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE